भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **268** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **03 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

जलमार्गों का निर्माण

†268. प्रो. सौगत राय :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में निर्माणाधीन जलमार्गों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान जारी/उपयोग की गई केंद्रीय निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भविष्य में नदी जोड़ने की परियोजना हेतु नवनिर्मित जलमार्गों का उपयोग किया जाएगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): 111 राष्ट्रीय जलमार्गों की तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता के परिणाम और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) के आधार पर कार्गो/यात्री आवागमन/परिवहन के लिए व्यवहार्य पाए गए 26 राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। इस समय, 26 व्यवहार्य रा.ज. (नदियों) में से पहले 18 रा.ज. में विकास पहलें शुरू की गई हैं, जिनकी राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(ख): विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय जलमार्गों के संबंध में पिछले तीन वर्षों के दौरान आबंटित केन्द्रीय निधियों और उन पर हुए व्यय का ब्यौरा **अनुबंध-2** में दिया गया है।

(ग): राष्ट्रीय जलमार्गों को, जहां कही भी संभव हो, मौजूदा रेल और सड़क परिवहन के अनुपूरक के रूप में, अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को पर्यावरण अनुकूल, लागत प्रभावी और स्थान-विशिष्ट वैकल्पिक मोड के रूप में बढ़ावा देने के लिए विकसित किया जाता है। राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास नदियों को जोड़ने वाली परियोजनाओं से जुड़ा हुआ नहीं है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

अनुबंध-1

कार्गो/यात्री आवाजाही के लिए व्यवहार्य पाए गए
26 राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) की सूची

क्र. सं.	राष्ट्रीय जलमार्ग	जलमार्गों का ब्यौरा	लंबाई (कि.मी.)	राज्य
1.	राष्ट्रीय जलमार्ग 1	गंगा -भागीरथी -हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया - इलाहाबाद)	1620	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल
2.	राष्ट्रीय जलमार्ग 2	ब्रह्मपुत्र नदी (ढुबरी-सादिया)	891	असम
3.	राष्ट्रीय जलमार्ग 16	बराक नदी (लखीपुर-टुकर ग्राम)	121	असम
4.	राष्ट्रीय जलमार्ग 3	वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम), चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहर	205	केरल
5.	राष्ट्रीय जलमार्ग 4	कृष्णा नदी (विजयवाड़ा-मुक्तयाला)	82	आंध्र प्रदेश
6.	राष्ट्रीय जलमार्ग 5	मंगलागढ़ी से पानकोपल से होते हुए धमरा-पारादीप	233	ओडिशा
7.	राष्ट्रीय जलमार्ग 8	अलप्पुझा -चंगनसरी नहर	29	केरल
8.	राष्ट्रीय जलमार्ग 9	अलप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमप्पुझा नहर	40	केरल (वैकल्पिक मार्ग: 11.5 कि.मी.)
9.	राष्ट्रीय जलमार्ग 27	कंबरजुआ नदी (कोर्टालिम-फेरी से साओ मार्शियस विधान परिषद)	17	गोवा
10.	राष्ट्रीय जलमार्ग 68	माण्डवी नदी (उसगांव ब्रिज से अरब सागर)	41	गोवा
11.	राष्ट्रीय जलमार्ग 111	ज़ुआरी नदी (सैनवोर्डेन ब्रिज से मुरगांव पत्तन)	50	गोवा
12.	राष्ट्रीय जलमार्ग 86	रूपनारायण नदी (प्रतापपुर से जियोनखाली)	72	पश्चिम बंगाल
13.	राष्ट्रीय जलमार्ग 97	सुंदरबन जलमार्ग (नामखाना से अथाराबंकी खाल)	172	पश्चिम बंगाल
14.	राष्ट्रीय जलमार्ग 40	घाघरा नदी (फैजाबाद से मांझीघाट)	345	बिहार और उत्तर प्रदेश
15.	राष्ट्रीय जलमार्ग 52	काली नदी (कडसल्ली बांध से सदाशिवगढ़ ब्रिज, अरब सागर)	53	कर्नाटक
16.	राष्ट्रीय जलमार्ग 44	इच्छामती नदी (गोबरा के ब्रिज से बांग्लादेश सीमा के	63	पश्चिम बंगाल

		निकट बांसझारी)		
17.	राष्ट्रीय जलमार्ग 57	कोपिली नदी (बनठई गांव तिनाली बस स्टॉप से चंद्रपुर नं-2 पर ब्रह्मपुत्र के संगम स्थल तक)	50	असम
18.	राष्ट्रीय जलमार्ग 31	धनसीरी नदी (मोरोंगी टी.ई. गांव के पुल से नुमलीगढ़ तक)	110	असम
19.	राष्ट्रीय जलमार्ग 10	अंबा नदी (अरब सागर, धर्मतार क्रीक से नागोठाणे एसटी स्टैंड)	45	महाराष्ट्र
20.	राष्ट्रीय जलमार्ग 28	दाभोल क्रीक वशिष्ठी नदी (दाभोल में अरब सागर से पेढ़े के पुल तक)	45	महाराष्ट्र
21.	राष्ट्रीय जलमार्ग 25	चपौरा नदी (मनेरी गांव के निकट ब्रिज से मोरजिम, अरब सागर)	25	गोवा
22.	राष्ट्रीय जलमार्ग 37	गंडक नदी (भैसालोटल बराज से हाजीपुर)	296	बिहार और उत्तर प्रदेश
23.	राष्ट्रीय जलमार्ग 73	नर्मदा नदी (पंढरिया से खंभात की खाड़ी तक)	226	महाराष्ट्र और गुजरात
24.	राष्ट्रीय जलमार्ग 85	रेवदांडा क्रीक -कुंडलिका नदी प्रणाली (रेवदांडा में अरब सागर से रोहा नगर के निकट ब्रिज तक)	31	महाराष्ट्र
25.	राष्ट्रीय जलमार्ग 94	सोन नदी (सोन बराज डेहरी से गंगा के संगम स्थल तक)	141	बिहार
26.	राष्ट्रीय जलमार्ग 100	तापी नदी (हटनूर डैम से खंभात की खाड़ी तक)	436	महाराष्ट्र और गुजरात

अनुबंध-2

पिछले तीन वर्षों के दौरान जलमार्गों के विकास के लिए आबंटित और प्रयुक्त (व्यय) निधि का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

बजट शीर्ष/जलमार्ग	**2019-20**		**2020-21**		**2021-22**	
	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय
कुल	406.60	732.78*	413.50	351.86	472.80	471.94

*वर्ष 2019-20 के व्यय में वर्ष 2017-18 के दौरान उगाहे गए ईबीआर की शेष निधि भी शामिल है।

*****